प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय टेबल टेनिस (पु.) प्रतियोगिता 2024–25 आयोजित

पन्तनगर। 27 अक्टूबर 2024। विश्वविद्यालय की टेबल टेनिस (पु.) प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 26 अक्टूबर 2024 तक शारीरिक शिक्षा अनुभाग में किया गया। उक्त प्रतियोगिता के एकल वर्ग में कुल 60 प्रतिभागियों एवं युगल वर्ग में कुल 22 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। एकल वर्ग में 11–6, 11–7, 11–6 के स्कोर से विनोद गर्जोला (शिवालिक भवन) विजेता तथा वंश भनशाली (एस.जे. भवन) उपविजेता रहे।

युगल वर्ग में 11–4, 11–9, 11–9 के स्कोर से विनोद गर्जोला (शिवालिक भवन) एवं राहुल आनंद (शास्त्री भवन) की जोड़ी विजेता तथा वंश भनशाली एवं अमन मेर (एस.जे. भवन) की जोड़ी उपविजेता रही।

उक्त प्रतियोगिता का आयोजन क्लब प्रभारी एवं सह निदेशक, डा. जी.एस. बोहरा तथा टी.टी. के स्टाफ काउन्सलर, डा. विरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों द्वारा उक्त आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया। डा. विरेन्द्र सिंह स्टाफ काउन्सलर टी.टी. द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

निदेशक संचार